उत्तराखण्ड शुगर्स

उत्तराखण्ड सहकारी चीनी मिल्स संघ लि0

निकट रेलवे क्रॉसिंग, बद्रीपुर रोड़, जोगीवाला,
देहरादून–248001 (उत्तराखण्ड)
दूरभाष–0135–2974413, ई–मेल– uksugars@gmail.com वैबसाईट– www.uttarakhandsugars.com
GST No. 05AABFU7713K2Z1

पत्रांक–1663 / क्रय / 05 / पंजीकृत / 2024–25, दिनांक–24 फरवरी, 2025

उत्तराखण्ड शुगर्स कार्यालय के अधिनस्थ सहकारी / सार्वजनिक क्षेत्र की चीनी मिलों में क्रय किये जाने वाले विभिन्न सामग्रियों के लिए विभिन्न फर्मो / एजेन्सियों को कार्यालय में पंजीकृत किये जाने हेतु सूचना

उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति (प्रॅक्योरमेंट) नियमावली–2017 के बिन्दु संख्या–06 में निहित व्यवस्था अनुसार वर्ष 2022–23 में कार्यालय पत्रांक–213, दिनांक–06.05.2022, कार्यालय पत्रांक–230, दिनांक–06.05.2022 एवं कार्यालय पत्रांक–2479, दिनांक–15.03.2023 के द्वारा कुल 49 आपूर्तिकर्ताओं को तीन वर्षो अर्थात् वर्ष 2022–23, वर्ष 2023–24, वर्ष 2024–25 हेतु पंजीकृत किया गया था। चुंकि कार्यालय स्तर से पूर्व में वर्ष 2022–23 में विभिन्न आपूर्तिकर्ताओं के किये गये पंजीकृत की अवधि दिनांक–31 मार्च, 2025 को समाप्त होने के दृष्टिगत उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति (प्रॅक्योरमेंट) नियमावली–2017 के बिन्दु संख्या–06 में निहित व्यवस्था अनुसार उत्तराखण्ड सहकारी चीनी मिल्स संघ लिमिटेड (उत्तराखण्ड शुगर्स) के स्तर से अधिनस्थ सहकारी एवं सार्वजनिक क्षेत्र की चीनी मिलों तथा मुख्यालय हेतु क्रय की जाने वाली विभिन्न सामग्रियों के लिये पूर्व में विभिन्न फर्मो / एजेन्सियों को पंजीकृत किये जाने पर उनका नवीनीकरण एवं नये फर्मो / एजेंसियों को पंजीकृत किये जाने हेतु **दिनांक–24 मार्च, 2025 की सांय 04:00 बजे** तक आवेदन पत्र आंमत्रित किये जाते है। प्राप्त आवेदन पत्रों को **दिनांक–25 मार्च, 2025 की पूर्वान्ह 11:00** खोला जायेगा। आवेदन पत्रों के साथ विभिन्न प्रमाण–पत्रों को संलग्न करते हुये पंजीकृत कराये जाने के लिये **पंजीकृत शुल्क (गैर वापसी योग्य) रू0 2,360.00 (जीएसटी सहित)** ऑनलाईन / डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करना होगा। तकनीकी विवरण एवं कार्यालय के बैंक का विवरण कार्यालय की वेबसाईट **www.uttarakhandsugars.com** पर उपलब्ध है।

इस सूचना के सम्बन्ध में सभी संशोधन, स्पष्टीकरण, शुद्धिपत्र, परिशिष्ट, समय वृद्धि आदि को केवल **www.uttarakhandsugars.com** पर ही दिया जायेगा। निविदादाता अद्यतन जानकारी के लिए नियमित रूप से इन वेबसाइट को पढ़ते रहें।

प्रबन्ध निदेशक

तकनीकी विवरण

01– निविदादाता का नाम

02– पूरा पता

03– सम्पर्क व्यक्ति का नाम

04– मोबाईल नम्बर

05– ई–मेल आई0डी0

07– पंजीकृत रजिस्ट्रेशन की संख्या (छाया प्रति संलग्न)।

08– जीएसटी रजिस्ट्रेशन की संख्या (छाया प्रति संलग्न)।

09– पैन कार्ड की संख्या (छाया प्रति संलग्न)।

10– 03 वर्ष की बैलेन्सशीट/आई0टी0आर0 की छाया प्रति।

11– चार्टड् एकाउन्टेन्ट से सत्यापित तीन वर्ष के टर्नओवर की छाया प्रति।

12– सामग्री का विवरण जिसकी आपूर्ति हेतु सक्षम है एवं पंजीकृत हेतु आवेदन किया जा रहा है।

13– जिस सामग्री के लिये आवेदन किया जा रहा है, उस सामग्री का आर्थोराइजड डीलरशिप सर्टिफिकेट की छाया प्रति (यदि डीलर द्वारा आवेदन किया जा रहा हो तो)।

14– सामग्री की आपूर्ति करने के लिये पूर्व 03 वर्ष के निर्गत आदेशों की छाया–प्रतियॉ।

15– पंजीकृत कराये जाने के लिये पंजीकृत शुल्क (गैर वापसी योग्य) रू0 2,360.00 (जीएसटी सहित) ऑनलाईन/डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करना होगा।

16– आपूर्तिकर्ता को एक लिखित अनुबन्ध रू0 100/– के नॉन जूडिशियल स्टाम्प पेपर पर प्रस्तुत किया जाना होगा कि उन्हें भारत के किसी भी राज्य द्वारा काली सूचीबद्व/डिबार नही किया गया है।

17– आपूर्तिकर्ता को एक बार में अधिकतम तीन वर्ष की अवधि के लिये पंजीकृत किया जायेगा।

18– कोई पंजीकृत आपूर्तिकर्ता पंजीकरण की शर्तो का अनुपालन करने अथवा सामग्री की समय से आपूर्ति करने में असफल रहता है अथवा निर्धारित मानक से निम्नतर प्रकार की सामग्री की आपूर्ति करता है अथवा किसी सरकारी एजेंसी को गलत घोषणा/तथ्य प्रस्तुत करता है, अथवा राज्य सरकार की दृष्टि में कोई अन्य आधार, जो जनहित में न हो तो उसे आपूर्तिकर्ता (कर्ताओं) की अनुमोदित सूची से हटा दिया जायेगा।

कर्यालय के बैंक का विवरण :–

Name of Beneficiary: UTTARAKHAND SAHKARI CHINI MILLS SANGH LTD, DEHRADUN
Bank Account No. : 011594600002100
IFSC Code No. : YESB0000115
Name of Bank Branch: YES BANK LTD, GROUND FLOOR, 56, RAJPUR ROAD, DEHRADUN

किसी सहायक हेतु कार्यालय से सम्पर्क करने हेतु :–

Name: Vijay Kumar Panday. Inch. GM
(M.): 98977-47553
Name: Mayank Yadav, Purchase
(M) : 91493-28329

प्रबन्ध निदेशक